हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, शनिवार 21 सितंबर 2024
बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

11 पीएम विश्वकर्मा योजना देश के हजारों वर्ष पुराने ....

10 शेयर ट्रेडिंग के नाम पर कारोबारी से 1 करोड़ 16 ...


**अतिशीघ्र आवश्यकता है**
सिक्योरिटी सुपरवाइजर (10 पद) कद-5'.6", उम्र-20 से 35
सिक्योरिटी गार्ड (पुरुष : 50 पद) कद-5'.6", उम्र-20 से 35
होम केयरटेकर (महिला : 20 पद) उम्र-20 से 35 वर्ष,
फायरमैन कद-5'.6", उम्र-20 से 35
अग्निशमन वाहन चालक हैवी लाइसेंस कद-5'.6", उम्र-20 से 35
भर्ती दिनांक :- 21 व 22 सितंबर 2024
(कार्यस्थल:-सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में निजी कारखाना एवं अस्पताल)
पताः-फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट
इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल. सुपेला, भिलाई, जिला-दुर्ग, छत्तीसगढ़
मो.: 76972 12782

## बैठक : सीसीटीवी कैमरे की नजर में रखें अस्पताल के गलियारे को, संदिग्ध गतिविधियों की करें निगरानी : एसपी

# चिकित्सा कर्मियों का समाज में विशेष स्थान, उनकी सुरक्षा करना प्रशासन की प्राथमिकता हैं : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

उकलेक्टर रणबीर शर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट के सृष्टि सभाकक्ष में अस्पताल सुरक्षा समिति एवं हिंसा रोकथाम समिति की बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में अस्पतालों में हाल ही में हुई घटनाओं पर चर्चा की गई, जहां सामाजिक तत्वों, मरीजों और उनके परिजनों के बीच विवाद की घटनाएं सामने आईं।

■ कलेक्टर अध्यक्षता में अस्पताल सुरक्षा समिति एवं हिंसा रोकथाम समिति की बैठक

कलेक्टर ने बताया कि ऐसे मामलों से निपटने के लिए माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों और भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुपालन में आवश्यक कदम उठाए जाने चाहिए। कलेक्टर ने बेमेतरा शहर के सभी निजी अस्पतालों, नर्सिंग होम के चिकित्सकों, संचालकों के बैठक में उपस्थित ना होने पर नाराज़गी व्यक्त की। अनुपस्थित चिकित्सक, संचालकों को समझ में उपस्थित होने के निर्देश दिये। कलेक्टर शर्मा ने बैठक में निर्देश दिया कि चिकित्सा कर्मियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अस्पतालों में उनके कानूनी अधिकारों और उन्हें प्रदान किए गए संरक्षण को स्पष्ट रूप से प्रदर्शित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि चिकित्सा संस्थानों में राज्य कानूनों और भारतीय दंड संहिता की संबंधित धाराओं का उल्लेख, जिसमें उल्लंघन पर दंड का प्रावधान हो, प्रमुख स्थानों पर हिंदी, स्थानीय भाषा, और अंग्रेजी में प्रदर्शित होना चाहिए। इससे न केवल कर्मचारियों बल्कि मरीजों और उनके परिजनों को भी इन नियमों के प्रति जागरूक किया जा सकेगा।

उन्होंने यह भी कहा कि चिकित्सा कर्मियों को समाज में विशेष सम्मान प्राप्त है और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिकता है। साथ ही, किसी भी प्रकार की हिंसा या दुर्व्यवहार के मामलों में कठोर कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने बैठक में कहा कि चिकित्सालयों में सुरक्षा के लिए प्रभावी कदम उठाने के साथ-साथ मरीजों और उनके परिजनों के लिए जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए जाने चाहिए, जिससे अस्पताल के वातावरण में शांति और सौहार्द बना रहे। बैठक में पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने अस्पतालों में हिंसा रोकथाम और सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा, हमारी पुलिस टीम अस्पतालों में घटनाओं पर कड़ी नजर रख रही है। हम स्थानीय प्रशासन और चिकित्सा संस्थानों के साथ मिलकर सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए काम कर रहे हैं। किसी भी अस्पताल में हिंसा की घटनाओं को रोकने के लिए हम स्थानीय पुलिस थानों में ज़रूरत के मुताबिक़ एक विशेष पुलिस बल तैनात की जाएगी। जो इस तरह की घटनाओं पर त्वरित कार्रवाई करेगी।

श्री साहू ने कहा कि अस्पताल के संवेदनशील क्षेत्रों में सीसीटीवी कैमरों की स्थापना को बढ़ावा दें ताकि संदिग्ध गतिविधियों पर अस्पताल द्वारा निगरानी रखी जा सके। ताकि ज़रूरत पड़ने पर घटित घटना के फ़ुटेज काम आ सकें। उन्होंने चिकित्सकों और अस्पताल प्रबंधन से अपील की कि वे ऐसी किसी भी घटना की जानकारी पुलिस को तुरंत दें ताकि उचित कार्रवाई की जा सके। उन्होंने जनता से अपील की कि चिकित्सा कर्मियों के साथ सौहार्दपूर्ण व्यवहार करें और किसी भी विवाद की स्थिति में कानूनी रास्ता अपनाएं, ना कि हिंसा का सहारा लें।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. वाईके ध्रुव ने भी चिकित्सा कर्मियों की सुरक्षा के संबंध में अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि अस्पतालों में कार्यरत डॉक्टर, नर्स और अन्य कर्मचारियों पर हिंसा की घटनाएं न केवल उनके मानसिक स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव डालती हैं, बल्कि पूरे चिकित्सा तंत्र को बाधित करती हैं। उन्होंने कहा कि चिकित्सा कर्मियों को प्रोत्साहित करने और उनके मनोबल को बनाए रखने के लिए उनकी सुरक्षा अत्यंत आवश्यक है।



### हिंसा या दुर्व्यवहार की स्थिति में त्वरित कार्रवाई होगी

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि अस्पतालों में सुरक्षा के दृष्टिकोण से कई कदम उठाए जाएंगे। इसके तहत, पुलिस द्वारा नियमित पेट्रोलिंग, अस्पताल प्रबंधन के साथ संवाद, और संवेदनशील क्षेत्रों में निगरानी बढ़ाने के प्रयास किए जाएंगे। इसके साथ ही, चिकित्सा कर्मियों को उनके अधिकारों के बारे में जागरूक किया जाएगा और किसी भी हिंसा या दुर्व्यवहार की स्थिति में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। डीपीएम सुश्री लता बंजारे ने बैठक एजेंडा पर विस्तार से प्रकाश डाला। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत टेकचंद्र अग्रवाल, संयुक्त कलेक्टर अंकिता गर्ग, डॉ. एसआर चुरेंद्र, डीपीएम सुश्री कौशल्या साहू, सहित बेमेतरा के निजी अस्पताल,नर्सिंग होम के चिकित्सक, संचालक उपस्थित थे।

### अस्पतालों में सुरक्षा के लिए हर संभव कदम उठाएंगे

बैठक में बेमेतरा के निजी चिकित्सालय और नर्सिंग होम के संचालकों ने भी भाग लिया। उन्होंने प्रशासन को आश्वस्त किया कि वे अस्पतालों में सुरक्षा के लिए हर संभव कदम उठाएंगे। संचालकों ने बताया कि वे अपने संस्थानों में सुरक्षा गार्डों की नियुक्ति के साथ-साथ सीसीटीवी कैमरों की संख्या ज़रूरत के मुताबिक़ बढ़ाने पर विचार किया जाएगा। साथ ही, उन्होंने मरीजों और उनके परिजनों के साथ संवाद को बेहतर बनाने के लिए विशेष काउंसलिंग सत्र आयोजित करने की योजना भी बनायेंगे। निजी अस्पताल संचालकों ने प्रशासन से अनुरोध किया कि अस्पतालों में किसी भी अप्रिय घटना की स्थिति में पुलिस की त्वरित सहायता मिल सके, ताकि कानून व्यवस्था बनी रहे और चिकित्सा कर्मियों का मनोबल ऊंचा बना रहे।

## खबर संक्षेप

### छात्राओं को पीएम केवी के लिए किया प्रोत्साहित



**बेमेतरा।** जिला मुख्यालय पर स्थित लक्ष्मण प्रसाद वैद्य शासकीय कन्या महाविद्यालय में अर्थशास्त्र विभाग एवं स्कॉलरशिप कंप्यूटर एजुकेशन सेंटर द्वारा महाविद्यालय के छात्राओं को प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत विभिन्न प्रकार के कौशलो का विकास कर अपने जीवन की दशा एवं दिशा को बेहतर करने के लिए प्रोत्साहित किया गया जिसमें छात्राओं को गत भविष्य में होने वाली विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं तथा विभिन्न रोजगार अवसरों से अवगत कराते हुए उन्हें अपने कौशलो में वृद्धि करने की शिक्षा प्रदान की गई, विद्यार्थियों को तकनीकी शिक्षा प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था प्रमुख डॉ विनिता गौतम द्वारा किया गया जिसमे संस्था के सभी अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### प्रधान पाठक पवन ने रोपे अशोक के पौधे



**कोदवा/ साजा।** प्रधान पाठक पदोन्नति के एक माह पूर्ण होने पर प्रधान पाठक पवन कुमार देवांगन द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला सोमईकला संकुल केंद्र चिल्फी विकासखंड साजा में स्वयं के व्यय से तीन नग अशोक पौधा शाला परिसर में रोपित किया गया। एक पेड़ मां के नाम से पेड़ हमारे लिए जीवन दायिनी है। पेड़ में भी जीव होते हैं हमें इनकी रक्षा करनी चाहिए। पेड़ कभी हमसे कुछ लेते नहीं पर देते बहुत कुछ है। पेड़ से हम परोपकार की भावना सीख सकते है। शासकीय प्राथमिक शाला सोमईकला के वरिष्ठ शिक्षक संत कुमार धृतलहरे, पूर्णिमा मार्कण्डे पूर्व माध्यमिक शाला से प्रधान पाठक कमल शर्मा, नीलेश्वर शर्मा, रामकृष्ण साहू, ज्ञानिक मार्कण्डे एवं शाला के बच्चों के सहयोग से किचन गार्डन में मेथी धनिया भी लगाया गया।

### चेतना बंजारे का नवोदय विद्यालय दुधलि में चयन

**गुण्डरदेही।** शासकीय प्राथमिक शाला खुटेरी (भट) की छात्र चेतना अंगारे पिता श्यामचरण अंगारे का चयन नवोदय विद्यालय दुधलि बालोद में हुआ है। पहली बार इस संस्था से नवोदय विद्यालय में चयनित होने पर शाला के प्रधानपाठक दिलेश्वर साहू, सहायक शिक्षक हेमंत साहू, लोमेश साहू व संकुल डोंगिताराई के समस्त शिक्षकों ने हर्ष व्यक्त किया।

### कॉलेज में प्रवेश तिथि 30 तक

**गुरूर।** मां बहादुर कलारिन कला एवं विज्ञान महाविद्यालय द्वारा ऑनलाइन प्रवेश प्रकिया जारी है। इसके लिए 30 सितंबर तक ऑनलाइन प्रक्रिया पुनः प्रारंभ की गई है। इस आधार पर महाविद्यालय में बीए, बीएससी, डीसीए, पीजीडीसीए, पीजी योगा इन एजुकेशन, बीएससी आईटी, प्रथम वर्ष में ऑनलाइन आवेदन लिया जा रहा है।

## परपोड़ी पुलिस थाने में पर्याप्त स्टाफ का अभाव




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/देवकर

पुलिस अनुविभाग बेरला अंतर्गत नगर परपोड़ी की पुलिस थाना में स्टॉफ की कमी का मामला सामने आ रहा है। एक ओर जहाँ पूर्ववर्ती दौर में तत्कालीन भाजपा शासन के कार्यकाल में बड़ी उम्मीद के साथ तत्कालीन नगर पंचायत परपोड़ी के अध्यक्ष सीताराम निषाद द्वारा नगर सहित अंचल के नागरिकों की सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखकर नगर थाना खुलवाया गया था।

जिसका उद्घाटन 4तत्कालीन गृहमंत्री के द्वारा किया गया था। जिसमें लगभग पूरे थाने में 47 जवानों का स्टाफ तय हुआ था जो आज भी लागू है, शासन द्वारा स्वीकृत पद का सेटअप इस प्रकार है कि थाना में एक प्रभारी निरीक्षक, एक सब इंस्पेक्टर दो एएसआई इंचार्ज चार पद हवलदार 8 पद आरक्षक 32 महिला आरक्षण के एक पद है। जिसमें वर्तमान में देखा जाए तो थाना प्रभारी का पद खाली है। सब इंस्पेक्टर सब इंस्पेक्टर एक है जो की थाना प्रभारी के रूप में है सहायक इंस्पेक्टर एक पद है तीन पद खाली है तीन पद खाली है हवलदार दो है तो वही छह पद खाली है आरक्षक के नौजवान तैनात है शेष पद खाली है 47 में वर्तमान में सभी मिलकर थाने में 14 का स्टाफ है। इसमें ▶▶| शेष पेज 11 पर

### स्टाफ की कमी से देहातों में दौरा नहीं

वहीं नजदीकी थाना भी 15 से 20 किलोमीटर की दूरी पर है। जिसे यदि सहायता के लिए बुलाया जाए तो भी जवानों को पहुंचने में आधा घंटे का समय लगेगा क्या वारदात इंतजार करेगा अब ऐसे में नगर सहित आंचल में अपराध का बढ़ना स्वाभाविक है। जहां स्टाफ की कमी के कारण देहातों में दौरा कार्यक्रम हो नहीं पता इसलिए आसपास के गांव में खुलेआम जुआ, सट्टा, गंजा, शराब की अवैध बिक्री की बाढ़ आ गई है। थाना में शिकायत के बाद भी बाल की कमी के चलते कार्रवाई नहीं हो पा रही है। आखिर ऐसे में थाना खुलवाने का लाभ लोगों को नहीं मिल पा रहा है जिससे जनता में मायूसी देखी जा रही है।

## जिस प्रदेश में जनप्रतिनिधि सुरक्षित नहीं, वहां जनता का क्या होगा : बैज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

छत्तीसगढ़ कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज का विगत दिनों कवर्धा से वापसी के समय पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा के कार्यालय में आगमन हुआ। जिसमें उन्होंने हाल ही में ग्राम सरदा में हुए छाबड़ा समर्थक एवं क्रांति सेना के बीच हुए विवाद को ध्यान से सुना तथा उपस्थित पत्रकार जनों को संबोधित करते हुए बैज ने कहा कि छत्तीसगढ़ प्रदेश में साय सरकार पूरी तरह से फेल हो चुकी है, छत्तीसगढ़ की कानून व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा चुकी है। उन्होंने कहा कि एक पूर्व विधायक को उसके जनसंपर्क और कार्यक्रमों में जाने से रोका जा रहा है और पुलिस तमाशबीन खड़ी हुई नजर आ रही है, जो प्रदेश के कानून की बदहल स्थिति को बयां करता है। बैज ने साय सरकार को आगाह करते हुए कहा कि इस तरह की वारदात कांग्रेस सहन नहीं करेगी, प्रदेश सरकार को चाहिए कि वह प्रदेश में पुलिसिंग को सुधारे तथा जनप्रतिनिधियों को सुरक्षा व्यवस्था मुहैया कराये। एक ओर जहां प्रदेश सरकार ने पूर्व विधायकों से उनके सुरक्षा छीन ली है, वहीं दूसरी ओर वह सुरक्षा देने में नाकाम है। ऐसे में कांग्रेस के जांबाज कार्यकर्ता ही हमारी शक्ति है और हम इन्हीं के दम पर कट्टरवादी ताकतों से मुकाबला करेंगे। इस दौरान पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा, कांग्रेस जिला अध्यक्ष बंशी पटेल, जिला महामंत्री ललित विश्वकर्मा, नपा अध्यक्ष शकुंतला मंगल साहू, सुमन गोस्वामी अध्यक्ष शहर कांग्रेस, अविनाश तिवारी, प्रणिश चौबे, सुरेंद्र तिवारी, सुभाष बघेल, टीआर जनार्दन, अवनीश राघव, जोगिंदर छबड़ा, सुनील नामदेव, सनत धर दीवान, प्रांजल तिवारी, हरीश साहू, सुनील महेश्वरी, बहल वर्मा, ऋषि वर्मा, देवा गर्ग अजय राज सेन, वैभव मिश्रा, रवि रजक, देवशरण गोसाई, जावेद खान, नवीन ताम्रकार, जगजीत सिंह ,पार्षद मनोज शर्मा, रश्मि मिश्रा, जया साहू, जनता साहू, रानी सेन, वाहिद रवानी, पार्षद राजू साहू, मिटा नामदेव, आशीष राम ठाकुर, रेवेंद्र देवांगन, नाथू सेन सहित कांग्रेस के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

■ प्रदेश में साय सरकार फेल, छत्तीसगढ़ की कानून व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा चुकी है




## बेमेतरा में ओबीसी सर्वेक्षण कार्य अंतिम पड़ाव पर



**बेमेतरा।** नगर पालिका परिषद के क्षेत्रान्तर्गत आने वाले 21 वार्डो में बीते कुछ दिनों से अन्य पिछड़ा वर्ग जाति का सर्वेक्षण कार्य किया जा रहा है। यह सर्वे कार्य राज्य सरकार के आदेशानुसार पूरे राज्य में किया जा रहा है। इस सर्वे का मुख्य उद्देश्य त्रिस्तरीय पंचायत एंव नगरीय निकाय चुनाव में आरक्षण संबंधित है।इसी तारतम्य में नगर पालिका बेमेतरा के सभी वार्डो में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) के आदेश का परिपालन में शिक्षक, बीएलओ, पटवारी एवं नगर पालिका के कर्मचारियों द्वारा सर्वे कार्य किया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार यह सर्वेक्षण कार्य लगभग अंतिम स्थिति पर है।

## रिले रेस में चंद्रेश, किरण, पोषण एवं प्रवेश ने जीता कांस्य पदक




हरिभूमि न्यूज ▶▶| देवकर

न्यायधानी बिलासपुर में 13 से 15 सितंबर तक आयोजित 21वीं राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में ग्राम पंचायत राजामोहगांव में संचालित स्वामी आत्मानंद हिंदी व अंग्रेजी माध्यम विद्यालय के कुल 9 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

इस प्रतियोगिता के अंतर्गत अंडर-16 बालक, 4 सौ मीटर मिडिले रिले रेस में चंद्रेश साहू, किरण साहू, पोषण साहू एवं प्रवेश कुमार ने अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक जीतकर अपने विद्यालय एवं पूरे क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। इस उपलब्धि पर प्राचार्या डॉ. नीलिमा गडकरी ने अपने एवं समस्त विद्यालय परिवार की ओर से सभी प्रतिभागियों एवं व्यायाम शिक्षक वरुण सिंह राजपूत व ऋषभ सिंह राजपूत को बधाई व भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रेषित किया।

### लखपति दीदियां को जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी ने दिलाई भाजपा की सदस्यता

## महतारी वंदन से लाभान्वित महिलाएं उमड़ रहीं भाजपा सदस्य बनने : प्रज्ञा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रव्यापी सदस्यता अभियान का आलम यह है की भाजपा के कार्यकर्ता से लेकर विधायक, सांसद और पंचायतों के प्रतिनिधि तक गांव, खलिहान, वार्ड और घरों घर पहुच कर भाजपा के रीति - नीतियों को समझा कर पार्टी से जोड़ने के लिए अपना पसीना बहा रहे हैं।

ऑन लाइन सदस्यता के अब ऑफलाइन सदस्यता फार्म भी पार्टी के जिला कार्यालयो में आ गए हैं। वहीं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की घोषणा की जो पार्टी कार्यकर्ता अपने माध्यम से तीन हजार सदस्य भारतीय जनता पार्टी से जोड़ेंगे उनके साथ वह मुख्यमंत्री आवास में भोजन करेंगे और उनका सम्मान करेंगे। भाजपा कार्यकर्ताओ का जोश बढ़ा हुआ है, जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी ने बालसमुंद, बहेरा, पेंड्री, नवागांव, मुलमुला, मोहरेंगा पहुँच ग्रामीण महिलाओं को पार्टी की सदस्यता दिलाई। अनुभव साझा करते हुए कहा कि गाँव पहुँचते ही महिलाएं भाजपा की सदस्य बनने उत्साह के साथ आगे आती है। महतारी वंदन योजना से लाभान्वित महिलाएं चाहती है कि उनके विष्णुदेव साय सरकार की योजना के चलते भाजपा की सदस्य बन रही है।




### सदस्यता के बहाने फिर से डोर टू डोर जनसम्पर्क

भाजपा की लखपति दीदी योजना के तहत लखपति बनी स्व सहायता समूह की बहनों में भी सदस्ता अभियान को लेकर भारी उत्साह है। जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी ने कहा है कि सदस्यता के बहाने फिर से डोर टू डोर जनसम्पर्क हो रहा है। यह भारतीय जनता पार्टी के संगठन नेताओं की दूरदृष्टि संगठनात्मक क्षमता का अनुपम उदाहरण है। सतत जनसम्पर्क से क्षेत्र के समस्याओं से भी रूबरू हो रही हूं और उनके निदान के लिए प्रशासनिक अधिकारियों से तुरंत वहीं से फ़ोन पर चर्चा कर लेती हूं,यह एक पंथ दो काज की तरह है।

**पाठक सूचना**


बेमेतरा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319154342, 8224868411

## खबर संक्षेप

### गांधी सदन में बैठक

**रायपुर।** अपर आयुक्त विनोद पांडे और मुख्यअभियंता यू.के. धलेन्द्र ने महात्मा गांधी सदन के सभाकक्ष में बैठक ली। जिसमें विभिन्न मदों में किये जा रहे विकास कार्यों के प्रगति की समीक्षा की गई। तय समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण कार्य करवाने अभियंताओं को निर्देश दिए। बैठक में अधीक्षण अभियंता राजेश राठौर, संजय बांगड़े सहित कार्यपालन अभियंतागण उपस्थित रहे।

### स्वच्छता मैराथन

**रायपुर।** नगर निगम जोन 7 की ओर से राजधानी के विज्ञान महाविद्यालय मैदान में स्वच्छता के प्रति जन-जागरूकता के लिए स्वच्छता मैराथन का आयोजन किया गया। इस आयोजन में विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शहर को स्वच्छ बनाने का संदेश मेराथन के माध्यम से दिया गया। इसी प्रकार जोन 8 क्षेत्र में मोहबाबाजार जोन कार्यालय के समीप स्वच्छता मैराथन का आयोजन हुआ। जिसमें जोन के अधिकारियों और कर्मचारियों ने स्वच्छता की अहमियत बताई।

### जोगी कांग्रेस से प्रभारी महामंत्री देवांगन ने दिया इस्तीफा

**रायपुर।** जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे के प्रभारी महामंत्री महेश देवांगन ने पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ रेणु जोगी को अपना इस्तीफा पत्र प्रेषित करते हुए आज अपने पद और पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे की राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ रेणु जोगी और प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी ने श्री देवांगन का इस्तीफा भारी मन से स्वीकार करते हुए कहा, वे जोगी परिवार के अभिन्न अंग थे, हैं और आगे भी रहेंगे। हम उनके उज्ज्वल राजनीतिक भविष्य की शुभकामनाएं देते हैं।

### ओबीसी आयोग में शिकायत के बाद शिक्षक को मिला रुका वेतन

**रायपुर।** कन्या प्रयास विद्यालय गुढ़ियारी के अभिनव सोनी ने मैट्रिक्स जी एकेडमी संस्थान रायपुर के संचालक राजेश बोर्डे के विरुद्ध उनका ढाई लाख रुपए वेतन रोके जाने की शिकायत अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग में की थी। इस शिकायत के बाद आयोग ने प्रकरण में सुनवाई की। इस दौरान दोनों पक्षों की बाते सुनने के बाद आयोग ने राजेश बोर्डे को शैक्षणिक कार्य की रोकी गई राशि को डीबीटी के माध्यम से भुगतान करने का आदेश दिया। इस आदेश तहत राजेश बोर्डे ने बकाया वेतन डीबीटी के माध्यम से भुगतान किया।

### 18 महापुराणों की शोभायात्रा के साथ शुरू हुई शिवमहापुराण की कथा



**रायपुर।** महामाया मंदिर परिसर में आयोजित शिव महापुराण की कथा और 18 पुराणों की पाठ के पूर्व मंदिर से भव्य मंगल कलश यात्रा निकल गई। इस कलश यात्रा में माताएं और बहने सैकड़ों की संख्या में शामिल हुए। शिव महापुराण की कथा में मूल रूप से 18 पुराणों के साथ भक्तों को चार वेद और 6 शास्त्रों का भी पाठ होते हुए मिलेगा। शोभायात्रा के बाद शिवमहापुराण की कथा में पहुंचे कथा व्यास आचार्य युवराज पांडे ने भक्तों को बताया कि शिव महापुराण में भगवान शिव को प्रसन्न करने की पूजा विधियों और ज्ञान से भरे आख्यान भी सम्मिलित हैं। हिंदू धर्म में भगवान शिव त्रिदेवों में से एक हैं और इन्हें संहार का देवता भी माना जाता है। भगवान शिव को महेश, महाकाल, नीलकंठ, रुद्र आदि नामों से भी पुकारा जाता है। ऐसा भी माना जाता है कि भगवान शिव महान योगी थे और इसीलिए उन्हें आदियोगी की संज्ञा भी दी जाती है। हिंदू शास्त्रों में भगवान शिव को एक ऐसे देवता के रुप में वर्णित किया गया है जो बहुत दयालु और भोले हैं और भक्तों की एक सच्ची पुकार पर प्रसन्न हो जाते हैं। हालांकि जब भगवान शिव क्रोध में आते हैं तो सारी सृष्टि कांपने लगती है। इस दौरान भक्तों ने शिव कथा का श्रवण पान करने के लिए बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

# नगर निगम के ठेकेदारों को 3 माह से भुगतान नहीं, हड़ताल पर जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

3 माह से लंबित भुगतान को लेकर रायपुर नगर निगम के अंतर्गत कार्यरत ठेकेदार हड़ताल पर जाएंगे। प्रभावित ठेकेदारों ने निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा को पत्र लिखकर कहा है, यदि जल्द भुगतान नहीं किया गया, तो 22 सितंबर से करीब 4 हजार कर्मचारी हड़ताल पर जाएंगे। ठेकेदारों का 20 करोड़ का भुगतान लंबित होने से यह स्थिति बनी है। सूत्रों के मुताबिक नगर निगम के पास ठेकेदारों के लंबित भुगतान के लिए फंड का टोटा है। नगर निगम द्वारा 300 करोड़ की राजस्व वसूली के बाद अपने ठेकेदारों का 3 माह से भुगतान नहीं कर पाया है। इस बात को लेकर नगर निगम के ठेकेदार नाराज हैं। उन्होंने निगम आयुक्त को पत्र लिखकर चेतावनी दी है कि उनका लंबित भुगतान जल्द किया जाए, ऐसा नहीं होने पर 22 तारीख से करीब 4 हजार कर्मचारी हड़ताल पर चले जाएंगे। नगर निगम ने जून से ठेकेदारों का भुगतान नहीं किया है। विदित हो कि नगर निगम के 70 वार्डों में 4 हजार से अधिक सफाई, बिजली कर्मचारी, प्लंबर और ड्राइवर कर्मचारियों का 3 माह का भुगतान लंबित है।

## 20 करोड़ का भुगतान लंबित, भुगतान के लिए निगम के पास फंड का टोटा




### रामकी का 55 करोड़ बकाया

*शहर की सफाई का ठेका लेने वाली रामकी कंपनी का 55 करोड़ रुपए का सफाई बिल लंबित है। नगर निगम ने अनुबंधित एजेंसी के सफाई बिल की राशि का भुगतान नहीं किया है। रामकी के सिटी हेड का कहना है, यदि यही स्थिति बनी रही, तो वे अपने कर्मचारियों की इस माह की सैलेरी नही दे पाएंगे। विदित हो कि रायपुर नगर निगम के 70 वार्डों में डोर-टू डोर कचरा कलेक्शन परिवहन और सेकंडरी पाइंट तक परिवहन से लेकर सकरी ट्रेंचिंग ग्राउंड में कचरे का मशीन से वैज्ञानिक तरीके से निष्पादन का कार्य नियमित रूप से किया जा रहा है। हर महीने उन्हें 3 करोड़ से ज्यादा की राशि अपने कर्मचारियों के वेतन के रूप में प्रतिमाह भुगतान करनी होती है। निगम आयुक्त को अपनी परेशानी से समय-समय पर अवगत कराते रहे हैं।*

## पैसा मांगने पर और पैसा जमा करने दबाव बना कर एफआईआर करने की धमकी

# शेयर ट्रेडिंग के नाम पर कारोबारी से 1 करोड़ 16 लाख की ऑनलाइन ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

पंडरी थाना में एक कारोबारी ने अज्ञात जालसाज के खिलाफ शेयर ट्रेडिंग का झांसा देकर एक करोड़ 16 लाख रुपए ठगी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। कारोबारी ने जालसाज के खिलाफ टैक्स की बकाया रकम जमा नहीं करने पर एफआईआर दर्ज कराने की धमकी देने का आरोप लगाया है।

पुलिस के मुताबिक पेशे से बेसन का कारोबार करने वाले मोवा, दलदल सिवनी निवासी महेश रामचंदानी ने ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। महेश ने पुलिस को बताया है कि उसके पास उसके फेसबुक मैसेंजर के माध्यम से एक फरवरी को फ्रेंड रिक्वेस्ट आया। कारोबारी के अनुसार फ्रेंड रिक्वेस्ट एक्सेप्ट करने के बाद जालसाज ने कुछ दिनों तक उसके साथ मैसेंजर के माध्यम से चैट किया। इसके बाद जालसाज कारोबारी का मोबाइल नंबर हासिल कर वाट्सए से चैट करने लगा। जालसाज ने कारोबारी को अपना परिचय फैशन डिजायनर बताते हुए बैंगलुरु का रहने वाला बताया।

### लालच में मित्र से साढ़े 16 लाख उधार लिए

*कारोबारी के अनुसार उसने जब अपनी रकम विथड्रा करना चाही, तो जालसाज ने कारोबारी से टैक्स की बकाया रकम 40 लाख रुपए देने की मांग की। रकम नहीं देने की स्थिति में पैसा नहीं मिलने का झांसा दिया। इसके बाद कारोबारी ने अपने एक मित्र से साढ़े 16 लाख रुपए उधार लिया। इसी दौरान कारोबारी को आशंका हुई। इसके बाद कारोबारी ने जालसाजों के अकाउंट में रुपए जमा नहीं किया।*



### रुपए जमा नहीं करने पर ग्रुप से निकाला

कारोबारी के अनुसार उसने जालसाजों के अकाउंट में रुपए ट्रांसफर नहीं किया, तो जालसाजों ने उसे वाट्सएप ग्रुप से रिमूव कर दिया। इसके साथ ही जालसाज कारोबारी को कॉल कर टैक्स की रकम जमा करने दबाव बनाने के साथ पुलिस का भय दिखाते रहे।

### शेयर ट्रेडिंग के नाम से लगातार हो रही ठगी

फेसबुक मैसेंजर तथा टेलीग्राम से मैसेज भेज कर शेयर ट्रेडिंग में भारी मुनाफा मिलने का झांसा देकर ठगी करने की लगातार घटनाएं घटित हो रही हैं। रायपुर में तीन महीने के भीतर शेयर ट्रेडिंग के नाम पर पांच करोड़ रुपए से ज्यादा की ठगी की घटनाएं हो चुकी हैं। शेयर ट्रेडिंग के नाम पर ठगी करने वाले जालासाजों के खिलाफ पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। बावजूद इसके ठगी की घटनाएं कम होने के बजाय और बढ़ रही हैं।

### एप डाउनलोड कराकर जाल में फंसाया

*महेश के मुताबिक जालसाज ने उसे अपने चाचा को जेपी मार्गन चेंस कंपनी का असिस्टेंट मैनेजर बताते हुए उसके मार्गदर्शन में एलसीईसी एप के माध्यम से बिटक्वाइन ट्रेडिंग का कारोबार करना बताया। इस तरह का झांसा देकर जालसाज ने कारोबारी को एक एप डाउनलोड कराया। इसके बाद एप के माध्यम से यूके के कंट्री कोड से एक वाट्सएप नंबर मिला। उस वाट्सएप नंबर में कारोबारी को शेयर ट्रेडिंग में 30 प्रतिशत मुनाफा मिलने का झांसा देकर जालसाज ने कारोबारी को ठगी का शिकार बनाया।*

### कई अन्य वाट्सएप ग्रुप में जोड़कर झांसे में लिया

*कारोबारी ने पुलिस को बताया है कि जालसाज से जुड़े लोगों ने उसे शेयर ट्रेडिंग में भारी मुनाफा कमाने का झांसा देकर अलग-अलग वाट्सएप ग्रुप में जोड़ा। जालसाजों ने कारोबारी को मुनाफा मिलने का झांसा देकर मई तक रकम वसूल की और ठगी का शिकार बनाते रहे।*

# डीए को लेकर कर्मचारी संघ दो फाड़, एक ने किया वित्तमंत्री से आश्वासन का दावा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राज्य के चार लाख कर्मचारियों और डेढ़ लाख पेंशनरों को 1 जनवरी से 4 प्रतिशत महंगाई भत्ता की मांग को लेकर कर्मचारी संगठन लगातार आंदोलित हैं। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी संयुक्त मोर्चा के पदाधिकारियों ने दावा किया है कि वित्तमंत्री ओपी चौधरी ने उन्हें जल्द आदेश जारी करने का आश्वासन दिया है। वहीं कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने उनके दावे को गलत बताते हुए कहा, पिछली बार भी मुख्यमंत्री से मुलाकात कर इसी तरह का आश्वासन मिला था, पर कुछ नहीं हुआ। राज्य के कर्मचारियों को केंद्रीय कर्मचारियों के बराबर डीए नहीं मिलने के कारण कर्मचारियों और पेंशनरों में असंतोष है। इसे लेर छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी संयुक्त मोर्चा ने 20 सितम्बर को हड़ताल करने का ऐलान किया था। इसके पूर्व भी 9 सितंबर को प्रदेश व्यापी हड़ताल करने की घोषणा की थी। राज्य के कर्मचारियों एवं पेंशनरों को चार प्रतिशत डीए देने की सहमति व्यक्त की, किंतु देय तिथि से डीए देने पर गतिरोध संयुक्त मोर्चा एवं शासन के बीच बना रहा।

- कर्मचारी अधिकारी संयुक्त मोर्चा ने किया आंदोलन स्थगित

### 27 को फेडरेशन की हड़ताल

इधर कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन डीए और अन्य मांगों का लेकर क्रमिक आंदोलन चला रहा है। इसी कड़ी में 27 सितंबर को हड़ताल पर रहेंगे। उन्होंने अपनी चार सुत्रीय मांगों को लेकर तीन चरणों में आंदोलन किया का एलान किया था।

### केंद्र की घोषणा के साथ राज्य के कर्मचारियों पर स्वमेव लागू होगा

*दूसरे दौर की चर्चा के लिए वित्तमंत्री ओपी चौधरी ने मोर्चा के घटक संगठनों के प्रतिनिधियों को 17 सितंबर को देर रात्रि चर्चा के लिए बुलाया। वित्तमंत्री ने कहा, चार प्रतिशत डीए देने की घोषणा मुख्यमंत्री स्वयं अतिशीघ्र करेंगे। निकट भविष्य में शासन ऐसी योजना ला रहा है कि जिस दिन केंद्र सरकार डीए देने की घोषणा करेगी, उसी दिन से राज्य सरकार के कर्मचारियों पर स्वमेव लागू हो जायेगा, डीए अब मांगना नहीं पड़ेगा।*

# छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल के सहायक संपदा प्रबंधक निलंबित

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, प्रक्षेत्र-दुर्ग के सहायक संपदा प्रबंधक मुखीराम ध्रुवे को नकदी लेन-देन का मामला प्रकाश में आने पर आयुक्त छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल द्वारा तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। जारी निलंबन आदेश के अनुसार छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल प्रक्षेत्र दुर्ग के सहायक संपदा प्रबंधक मुखीराम ध्रुवे द्वारा अपने कार्यालय में हितग्राहियों के प्रकरण को रोककर नगदी लेन-देन का समाचार निजी टीवी चैनल द्वारा प्रसारित किया गया था। आयुक्त, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा मामले पर त्वरित संज्ञान लेते हुए सहायक संपदा प्रबंधक श्री ध्रुवे को निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि में श्री ध्रुवे का मुख्यालय मुख्य संपदा अधिकारी, मुख्यालय नवा रायपुर अटल नगर नियत किया गया है तथा उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी।

- हितग्राहियों के प्रकरण रोककर नकदी लेन-देन का आरोप

### धमकी देने वाले डीजे संचालक ने डा. गुप्ता से मांगी माफी


**रायपुर।** रायपुर के जाने-माने चिकित्सक एवं सामाजिक कार्यकर्ता डा. राकेश गुप्ता को सोशल मीडिया में धमकी देने वाले डीजे संचालक ने माफी मांगी है। डीजे संचालक गुरुवार को अपने परिवार के साथ डा. गुप्ता के घर पहुंचा और सोशल मीडिया में डाली गई टिप्पणी पर माफी मांगी। डा. गुप्ता ने डीजे संचालक व उसके परिवार द्वारा माफी मांगने की जानकारी सोशल मीडिया में शेयर की है। उन्होंने माफी मांगने के बाद डीजे संचालक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई रुकवाने का भरोसा दिलाया है। गौरतलब है कि सोशल मीडिया में धमकी मिलने के बाद डा. गुप्ता ने इसकी शिकायत एसएसपी से की थी।

# सामुदायिक भवनों की सुध नहीं ले रहा निगम, कहीं बिजली नहीं तो कहीं टॉयलेट का अभाव, सीपेज की परेशानी भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजधानी में 12 नवंबर से एक बार फिर से मांगलिक आयोजन शुरू हो जाएंगे। वहीं नगर निगम द्वारा बनवाए गए सामुदायिक भवनों का बुरा हाल है। कई भवन ऐसे हैं, जहां लोगों को सुविधाएं ही नहीं मिल रही हैं। इन भवनों में जरूरी सुधार कराने में निगम और जोन के जिम्मेदार रुचि नहीं ले रहे हैं। इससे आगामी वैवाहिक सीजन में लोगों को प्राइवेट मैरिज हॉल का औना-पौना किराया भी देना पड़ेगा, इसमें मेंटेनेंस शुल्क शामिल होगा। ऐसी स्थिति इसलिए बन रही है, क्योंकि जोन को मेंटेनेंस कराने के लिए फंड नहीं मिल रहा है। चातुर्मास का समापन होने के बाद लोगों को मांगलिक आयोजनों के लिए कई मुहूर्त मिलने वाले हैं। इसे देखते हुए लोग विवाह के लिए भवन बुक कराने में लगे हैं। हरिभूमि ने शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में स्थित निगम के सामुदायिक भवनों की स्थिति जांची तो कई खामियां सामने आईं। निगम ने करोड़ों रुपए खर्च कर भवनों का निर्माण कराने के बाद उन्हें जोन के भरोसे छोड़ दिया है। इससे भवनों की स्थिति में सुधार ही नहीं हो रहा है। अव्यवस्था को देखते हुए लोग निगम के भवनों की बुकिंग कराने से भी गुरेज करने लगे हैं। इससे निगम को होने वाली कमाई भी प्रभावित हो रही है। 2022 में कराए गए सर्वे में 50 से ज्यादा बड़े भवनों में से 23 में बुनियादी सुविधाओं का अभाव मिला था, जिसे दुरुस्त कराने के लिए किए गए प्रयास के बाद भी सामुदायिक भवनों की स्थिति में अभी तक सुधार नहीं हो पाया है।

- चातुर्मास के बाद होंगे मांगलिक आयोजन, पर निगम के भवन बदहाल
- जोन दफ्तरों के भरोसे सामुदायिक भवनों का मेंटेनेंस, जिम्मेदार लापरवाह




### केस 1

खमतराई के संतोषी नगर में लाखों रुपए खर्च कर बनवाए गए सामुदायिक भवन में बिजली, पानी ही नहीं, बल्कि टॉयलेट की सुविधा का भी अभाव है। अभिषेक ठाकुर ने बताया कि इसे लोगों को प्राइवेट भवनों की बुकिंग पर होने वाले खर्च से राहत देने के लिए बनाया गया, इसके बाद से सुध नहीं ली जा रही है। इसमें सीपेज की समस्या भी हर साल रहती है। सुधार नहीं होने से लोगों को सुविधाएं भी नहीं मिल रही हैं।

### केस 2

2008 में हाउसिंग बोर्ड द्वारा कराए गए निर्माण के बाद निगम ने हीरापुर में जिस सामुदायिक भवन को हैंडओवर लिया है। उसमें सीपेज सहित टॉयलेट व पंखे नहीं हैं। पार्किंग की सुविधा भी इस भवन में नहीं है। पार्षद कमलेश बसंत वर्मा ने बताया कि इस सामुदायिक भवन का मेंटेनेंस कराने निगम को कई बार प्रस्ताव दिया गया। इसके बाद भी सुधार नहीं होने से लोगों की सुविधा प्रभावित हो रही है।

### केस 3

वीरभद्र नगर में मारवाड़ी श्मशानघाट के पास स्थित सामुदायिक भवन में फिलहाल छोटे आयोजन होते हैं। पार्षद मनोज वर्मा ने बताया कि कुछ महीने पहले यहां टॉयलेट व बिजली से संबंधित काम कराया गया है। अभी भवन के बाहर पेवर ब्लॉक लगवा रहे हैं, ताकि मांगलिक आयोजन के लिए लोगों को सुविधा मिल सके। इसके लिए निगम ने एजेंसी तय कर जिम्मेदारी दी है। नवंबर तक यहां सभी जरूरी काम पूरे कराएंगे।

### इस कारण अटकता है मेंटेनेंस

निगम सूत्रों ने बताया कि निगम जितने भी सामुदायिक भवनों की बुकिंग देता है। उससे मिलने वाली राशि को निगम के खाते में जमा किया जाता है। इससे टूट-फूट की स्थिति में जरूरी काम कराने के लिए प्रस्ताव भेजने और बजट मिलने पर ही मेंटेनेंस कार्य कराए जाते हैं। इसमें विलंब होने से लोगों को मिलने वाली सुविधा प्रभावित होती है। भवनों को बुक कराने वाले लोग बिजली, पानी, टॉयलेट और सीपेज की समस्या को देखते हुए प्राइवेट भवनों की तरफ रूख करते हैं, जिससे निगम की कमाई प्रभावित होती है।

# कर्मचारियों की कमी से जूझ रहा मंत्रालय का विधि विभाग

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधि मंत्रालय कर्मचारी संघ के प्रतिनिधि मंडल ने अपनी 8 सूत्रीय मांग के संबंध में प्रमुख सचिव विधि विभाग मंत्रालय नवा रायपुर को ज्ञापन सौंपा। जिसमें रिक्त पदों जल्द पदोन्नति और भर्ती करने की मांग की गई। दरअसल, छत्तीसगढ़ विधि मंत्रालय विभाग कर्मचारियों की कमी से जूझ रहा है। राज्य गठन के 24 साल होने के बाद भी इसकी स्थिति नहीं बदली। विभाग में कर्मचारी की कमी के चलते आला अधिकारियों को पीने का पानी भी घर से लेकर आना पड़ रहा है। अनुभाग अधिकारी और अवर सचिव तक खुद अपनी फाइल उपर पहुंचाते हैं। ऐसे में रिक्त पदों पर भर्ती व पदोन्नति की कार्यवाही जल्द किये जाने की मांग उठने लगी है। इसी संबंध में गुरुवार को कर्मचारियों की समस्या को लेकर छत्तीसगढ़ विधि मंत्रालय कर्मचारीसंघ ने 8 सूत्रीय मांग को लेकर प्रमुख सचिव को ज्ञापन सौंपा।

### कर्मचारियों की प्रमुख मांगें

सहायक ग्रेड 1 के 25 फीसदी पदों पर सीधी भर्ती का प्रावधान हटाया जाए। मुख्य अनुवादक से सहायक संचालक और सहायक संचालक से अवर सचिव अनुवादक पद पर पदोन्नति के लिए अर्हता अवधि को 5 वर्ष की जगह 3 वर्ष यथावत रखा जाए। रिक्त पदों पर भर्ती व पदोन्नति की कार्यवाही जल्द करने, सेटअप में मुख्य अनुवादक के अतिरिक्त 2 पद स्वीकृत कराने की मांग शामिल है। इसके साथ ही अवकाश देयकों की स्वीकृति में शिथिलता बरती जाए। प्रमुख सचिव विधि रजनीश श्रीवास्तव ने कर्मचारियों की समस्याएं सुनी, और शीघ्र निराकरण का आश्वासन दिया। प्रतिनिधि मंडल में विधि मंत्रालय कर्मचारी संघ के अध्यक्ष अनिल सिन्हा,उपाध्यक्ष अरुण मिश्रा,सचिव गोविंद साहू,सहसचिव धर्मेंद्र वर्मा,कोषाध्यक्ष पुखराज साहू,कार्यकारणी सदस्य ज्योति पांडे,गुड़िया पाल शामिल थे।

## गृह विभाग ने जारी किया निलंबन आदेश

# लोहारीडीह कांड जेल दाखिल होने से पहले घायल था प्रशांत निलंबित एएसपी पर गंभीर लापरवाही का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

*कबीरधाम जिले के लोहारीडीह में आगजनी की घटना के बाद कथित तौर पर पुलिस की ज्यादती और प्रताड़ना का शिकार प्रशांत साहू की मौत के मामले में निलंबित एएसपी आईपीएस विकास कुमार के निलंबन का आदेश गृह विभाग ने जारी किया है। खास बात ये है कि इस आदेश में कहा गया है कि मृतक प्रशांत को जेल में दाखिल होते समय ही चोट लगी हुई थी। इस आदेश से साफ संकेत मिल रहे हैं कि मृतक के साथ मारपीट या हिंसा हुई थी। इससे पहले ग्रामीणों ने पुलिस पर बर्बरता का आरोप लगाया था। कवर्धा जिले के रेंगाखार थाना क्षेत्र के लोहारीडीह में रविवार 15 सितंबर को दिल दहला देने वाली घटना सामने आई थी। इसमें गांव के ही रघुनाथ साहू को जिंदा जलाकर मौत के घाट उतार दिया था। घटना के बाद से पुलिस ने 160 लोगों के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज की है और 69 लोगों को हिरासत में लिया गया है।*

### जारी हुआ निलंबन आदेश

लोहारीडीह कांड के सिलसिले में एएसपी विकास कुमार का निलंबन आदेश गृह विभाग ने जारी किया है। इस आदेश में कहा गया है कि कबीरधाम आगजनी प्रकरण में प्रशांत साहू को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में रखा गया था। मृतक को जेल में दाखिल होते समय से ही चोट लगी हुई थी। विकास कुमार एएसपी कबीरधाम आगजनी की घटना को करने वालों को गिरफ्तार करने वाली टीम के प्रमुख थे, इसलिए इस मृत्यु के पीछे प्रथम दृष्टया उनकी गंभीर लापरवाही प्रतीत होती है।

### कांग्रेस ने किया आज बंद का आह्वान

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राज्य सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। लोहारीडीह घटना स्थल से लौटने के बाद उन्होंने राज्य की कानून व्यवस्था पर कड़ी आलोचना करते हुए प्रदेश में बढ़ती असुरक्षा और अपराधों के बढ़ते मामलों पर चिंता व्यक्त की। कांग्रेस ने इस घटना के विरोध में 21 सितंबर को प्रदेश बंद का आह्वान किया है। उन्होंने जनता से अपील की कि राज्य की बिगड़ती कानून व्यवस्था और सरकार की विफलताओं के खिलाफ अपनी आवाज उठाएं। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने गृहमंत्री के कार्यक्षेत्र में हुई लोहारीडीह की घटना को राज्य की कानून व्यवस्था की बड़ी विफलता बताया। उन्होंने राज्य सरकार, विशेषकर गृहमंत्री के कार्यों को विफल बताते हुए गृहमंत्री को तत्काल बर्खास्त करने की मांग की है।

# भाजपा ने राहुल गांधी के खिलाफ पांचों संभागों के थानों में दर्ज कराई शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

भारतीय जनता पार्टी ने प्रदेश के पांचों संभागों के जिलों रायपुर, दुर्ग, जगदलपुर, बिलासपुर और सरगुजा में राहुल गांधी के खिलाफ थानों में शिकायत दर्ज कराई है।

सिविल लाइंस थाने में इस मामले में एफआईआर दर्ज की गई है। लोकसभा में कांग्रेस के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा अमेरिका प्रवास के दौरान दिए गए बयानों को लेकर शिकायत दर्ज कराई गई। भाजपा ने आरोप लगाया है कि राहुल गांधी इन दिनों जिस प्रकार की भाषा बोल रहे हैं, वह देश में जाति, धर्म, भाषा और क्षेत्र के आधार पर विभाजनकारी मानसिकता की परिचायक है और वह विश्व पटल पर भारत की छवि को धूमिल करने वाली है। रायपुर में शिकायत दर्ज करने के बाद भाजपा प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने कहा, विदेश प्रवास के दौरान उन विदेशी ताकतों के प्रतिनिधियों से राहुल गांधी का भेंट करना आपत्तिजनक है, जो भारत में राजनीतिक, आर्थिक और सामाजिक अस्थिरता पैदा करके भारत को नुकसान पहुंचाने में लगे हुए हैं। ऐसे विदेशी नेताओं से मिलकर राहुल गांधी देश के खिलाफ जो टिप्पणियां कर रहे हैं, वह देश विरोधी कृत्य है। अमेरिका प्रवास के दौरान राहुल ने सिख समाज की धार्मिक प्रतीक पगड़ी और कड़ा को लेकर भी अमर्यादित और अप्रासंगिक टिप्पणी करके भारतीय लोकतंत्र भारत की सर्व समावेशी व सर्वस्पर्शी संवैधानिक व्यवस्था पर चोट पहुंचाने के साथ-साथ सिख समाज की भावनाओं को ठेस पहुंचाई है। राहुल गांधी का यह कृत्य भारतीय सर्वधर्म समभाव की छवि को बिगाड़ कर विश्व पटल पर सिख समाज को अपमानित करने और भारत की छवि को गलत रूप में प्रस्तुत करने की एक सोची समझी राजनीतिक साजिश को प्रमाणित करता है।

- अमेरिका में दिए गए बयान का मामला

खबर संक्षेप

## बीटीआई मैदान का किया भूमिपूजन

**रायपुर।** खम्हारडीह सार्वजनिक दशहरा एवं सांस्कृतिक समिति द्वारा नवरात्रि रास गरबा कार्यक्रम के लिए बीटीआई मैदान पर मंगलवार को भूमिपूजन किया गया। गरबा कार्यक्रम 3 से 12 अक्टूबर तक मनाया जाएगा। भूमिपूजन के अवसर पर समिति के संजय श्रीवास्तव, जगदीश साहू, पार्षद रोहित साहू, हरिराम पाल, पुनीत यादव, गिरिवर साहू, देवराज पारधी आदि शामिल थे।

## स्टेट गैरेज में मनी विश्वकर्मा जयंती

**रायपुर।** विघुत यांत्रिकी सिंचाई विभाग में विश्वकर्मा जयंती के दौरान मशीनों का पूजन किया गया। स्टेट गैरेज में प्रतिवर्ष होने वाले विश्वकर्मा जयंती में कर्मचारी और अधिकारी के साथ ही सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान विधि विधान से पूजन कर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया ।

## छात्राओं को बांटी साइकिलें

**रायपुर।** जिले में बुधवार को अभनपुर विकासखण्ड के ग्राम केंद्री में जनसमस्या शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें सरस्वती साइकिल योजना के तहत स्कूली छात्राओं को साइकिलें दी गईं। शिविर में 360 आवेदन प्राप्त हुए, इनमें से 306 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया। विधायक इंद्र कुमार साहू ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ हर क्षेत्र में तेजी से प्रगति कर रहा है। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने कहा कि जिले में होने वाले ऐसे जनसमस्या शिविर में आम जनता अपनी समस्याओं को अधिकारियों के समक्ष रखें, उनका समाधान जल्द से जल्द करने का प्रयास किया जाएगा। शिविर में हितग्राहियों को हित मूलक वस्तुओं का वितरण भी किया गया। इस शिविर में एसएसपी संतोष सिंह, जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप, एसडीएम रवि सिंह, जनपद सीईओ राजेंद्र पाण्डेय सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## आज से छाएंगे बादल, मानसून वापसी करीब

**रायपुर।** बीते कई दिनों से थमा बदली-बारिश का सिलसिला एक बार फिर से शुरू हो सकता है। 21 सितंबर से बंगाल की खाड़ी पर एक सिस्टम बन रहा है। इसके प्रभाव से प्रदेश के अधिकतर स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। हालांकि मानसून की विदाई का समय नजदीक होने के कारण शुरुआती दिनों की तरह मूसलाधार बारिश की संभावना नहीं है।

## पेज 9 के शेष

### परपोड़ी पुलिस थाने ...

भी आठ कर्मचारियों की दूसरी जगह ड्यूटी लगाई गई है। इसमें तत्कालीन थाना प्रभारी भी बेमेतरा में अपनी सेवा दे रहे हैं अब रह गए केवल 6 जाने का स्टाफ लगभग जानकारी के अनुसार 32 गांव थाना परिक्षेत्र में आते हैं जो की 8 से 10 किलोमीटर की दूरी भी बनती है अब यदि किसी भी गांव में वारदात हो जाए या अन्य दुर्घटना घटना चोरी या फिर हत्या जैसी घटना हो जाए तो थाने से वहां कितना बाल जाएगा क्योंकि बच्चे केवल 6 कर्मचारी है। जब तक बाहर से पुलिस बुलाई जाएगी तब तक क्या घटना दुर्घटना पुलिस के आने का इंतजार करेगी या चोर पुलिस का इंतजार करते बैठे रहेगी।

# कचरा उठ नहीं रहा ऐसे में कैसे आएगा नंबर वन, न मेयर ध्यान दे रहे न अफसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

अलग खबर

शहर में कचरा नहीं उठ रहा, ऐसे में रायपुर शहर देश के सबसे स्वच्छ शहर की श्रेणी में नंबर वन कैसे आएगा। न मेयर ध्यान दे रहे और न ही निगम के अफसर। स्वच्छता के नाम पर नगर निगम का विशेष अभियान महज दिखावा बन कर रह गया है। दूसरी तरफ शहरभर में 2 दर्जन मुक्कड़ ऐसे हैं, जहां रोजाना बड़ी मात्रा में धड़ल्ले से कूड़ा करकट फेंका जा रहा है। कुल मिलाकर डोर टू डोर कचरा कलेक्शन से लेकर नाले-नालियों की सफाई का सिस्टम ही गड़बड़ा गया है।

## स्वच्छता ही सेवा अभियान महज दिखावा बन कर रह गया

### केस 1: गेप कर कचरा कलेक्शन

मोतीलाल नेहरू वार्ड की कचना बस्ती, बीएसयूपी आवासीय परिसर, सुमित इंफ्रा, अमूल्या परिसर में लोग इस बात को लेकर परेशान हैं कि उनके यहां कचरा गाड़ी नियमित रूप से घरों का कचरा कलेक्ट नहीं कर रही है। दो दिन के अंतराल में यहां गाड़ी आने की शिकायत रहवासियों ने जोन 9 दफ्तर में की है। पार्षद गोपेश साहू का कहना है, कचना बस्ती और नगर निगम के बीएसयूपी आवासीय परिसर में कमोबेश यही स्थिति है। लगातार इसकी शिकायत मिल रही है।

### केस 2: देवेन्द्र नगर सेक्टर 4 और 5 में तीसरे दिन भी नहीं आई कचरा गाड़ी

शहर के पॉश इलाके में शामिल शहीद हेमू कालाणी वार्ड के देवेन्द्र नगर सेक्टर 4 में तीसरे दिन भी डोर-टू डोर कचरा कलेक्शन करने कचरा गाड़ी नहीं आई। त्रस्त रहवासियों ने सीधे पार्षद व जोन अध्यक्ष बंटी होरा को मैसेज कर अपनी पीड़ा बताते हुए कहा कि 3 दिन से कचरा नहीं उठ रहा, कुछ तो कीजिए। सेक्टर 4 में कचरा कलेक्शन का यही हाल है। सूत्रों के मुताबिक आम जनता और जोन 2 अध्यक्ष की शिकायत पर संज्ञान लेते हुए सफाई सुपरवाइजर को कुछ दिन पूर्व हटाया गया। कचरा कलेक्शन में कोताही के कारण रहवासी देवेन्द्र नगर के मुक्कड़ में कचरा फेंकने मजबूर हैं।

### केस 3: पंडरी कपड़ा मार्केट में 1 दिन गेप कर कलेक्ट कर रहे कचरा

प्रदेश के सबसे बड़े थोक कपड़ा मार्केट पंडरी में निगम से अनुबंधित कचरा गाड़ी नियमित रूप से कचरा कलेक्ट करने नहीं आ रही है। एक दिन गेप कर व्यावसायिक प्रतिष्ठानों से कचरा लेने के कारण देर शाम सड़क पर कचरा फेंकने से गंदगी फैल रही है। पंडरी थोक कपड़ा मार्केट एसोसियेशन के संरक्षक चंदर विधानी ने दो टूक शब्दों में कहा है, यही हाल रहा तो स्वच्छता सर्वेक्षण में पीछे होते जाएंगे। कारोबारी नगर निगम को हर साल व्यावसायिक दर पर यूजर चार्ज और संपत्ति कर का भुगतान करता है, पर मार्केट में कोई सुविधा नहीं। सफाई व्यवस्था बद से बदतर होती जा रही है। इस ओर निगम के अफसरों को ध्यान देना चाहिए।

### केस 4: आधा दर्जन बस्तियों में 3 दिन गेप में आ रही गाड़ी

जोन 5 स्थित वामनराव लाखे वार्ड की आधा दर्जन रिहाइशी बस्तियों में डोर-टू डोर कचरा कलेक्शन गड़बड़ा गया है। यहां 3 दिन के अंतराल में कचरा गाड़ी घरों से कचरा कलेक्ट करने आ रही है। कभी ड्राइवर बदलने, तो कभी गाड़ी खराब होने का हवाला देने से लोग त्रस्त हैं। पीयूषनगर, संतोषी चौक, कर्मचारी कालोनी कुशालपुर, आदर्श नगर, हनुमाननगर, विनोबा भावे नगर इसमें शामिल हैं।

विश्वकर्मा योजना की प्रथम वर्षगांठ के अवसर पर लाइवलीहुड कॉलेज चोरभट्ठी में कार्यक्रम

# पीएम विश्वकर्मा योजना देश के हजारों वर्ष पुराने कौशल को विकसित करने का एक रोड मैपः मोदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा



जिला परियोजना लाइवलीहुड कॉलेज चोरभट्ठी मे आज पीएम विश्वकर्मा योजना के संचालन का एक वर्ष पूर्ण होने पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया । योजना के सुचारू कियान्वयन हेतु प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा वर्चुअल रूप से पीएम विश्वकर्मा योजनांतर्गत लाभ ले रहे हितग्राहियों को संबोधित किया किया। कार्यक्रम में जिला पंचायत सीईओ टेकचंद अग्रवाल, डिप्टी कलेक्टर दिव्या पोटाई, लीड बैंक अधिकारी गजेन्द्र उईके, एवं सहायक परियोजना अधिकारी रोशन्न लाल वर्मा उपस्थित थे। इस दौरान सीईओ श्री अग्रवाल ने हितग्राहियों को संबोधित किया किया और लीड बैंक अधिकारी द्वारा लोन संबंधित जानकारी भी दी गई ।

■ वर्धा महाराष्ट्र में हुए आयोजन को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यस से देखा गया

जिले में पीएम विश्वकर्मा योजना अंतर्गत 22000 से ज्यादा हितग्राहियों के आवेदन प्राप्त हुए हैं। जिसमें तृतीय स्तर पर वैधता जांच अनुसार 4000 हितग्राही कौशल प्रशिक्षण प्राप्त किए जाने हेतु पात्र हैं। जिनमें से 900 से ज्यादा हितग्राहियों को कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया जा चुका है। 497 हितग्राही जिला परियोजना लाइवलीहुड कॉलेज के माध्यम से प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके हैं जिसमे प्रमुख कोर्स मे राजमिस्त्री एवं कारपेंटर हैं ।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने वर्धा में आयोजित प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत वीडियो क्रांफेसिंग के माध्यम से एक लाख लाभार्थियों को डिजिटल आईडी कार्ड एवं सर्टिफिकेट का वितरण किया। इसके साथ ही उन्होंने एक लाख लाभार्थियों को ई-स्किल प्रमाण पत्र का वितरण और 75 हजार लाभार्थियों को ऋण का भी वितरण किया।

जिला परियोजना लाइवलीहुड कॉलेज बेमेतरा में आज प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना की प्रथम वर्षगांठ के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा विश्वकर्मा के हितग्राहियों को संबोधित किया गया। उक्त कार्यक्रम में कॉलेज में प्रशिक्षण ले रहे टेलर मिशन व कारपेंटर के हितग्राहियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कुल 210 हितग्राही उक्त कार्यक्रम में सम्मिलित हुए प्रधानमंत्री विश्वकर्म योजना अंतर्गत 18 विभिन्न कोर्स में प्रशिक्षण दिया जाना है। उक्त प्रशिक्षण प्राप्त करने के पश्चात हिरग्राहियों को कौशल प्रमाण पत्र 15000 के समतुल्य टूल किट तथा डेढ़ लाख तक का बिना गारंटी के लोन दिया जाएगा। उक्त कार्यक्रम की अध्यक्षता टेकचंद अग्रवाल मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ने की ।

### 18 हितग्राहियों को दिया गया विश्वकर्मा कौशल प्रमाणपत्र

कार्यक्रम के पश्चात मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा विश्वकर्मा योजना अंतर्गत प्रशिक्षण ले रहे हितग्राहियों को उनके भविष्य के विभिन्न अवसरों के संबंध में बताया गया। साथ ही कुल 18 हितग्राहियों को विश्वकर्मा कौशल प्रमाण पत्र भी प्रदान किया गया। जिले में पीएम विश्वकर्म योजना अंतर्गत 22000 से ज्यादा हितग्राहियों के आवेदन प्राप्त हुए हैं। जिसमें तृतीय स्तर पर वैधता जांच अनुसार 4000 हितग्राही कौशल प्रशिक्षण प्राप्त किए जाने हेतु पत्र है जिनमें से 900 से ज्यादा हितग्राहियों को कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया जा चुका है। जिनमें से 497 हितग्राही जिला परियोजना लाइवलीहुड कॉलेज के माध्यम से प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके हैं। जिसमे प्रमुख कोर्स डॉलर राजमिस्त्री एवं कारपेंटर हैं। प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हितग्राहियों को 500 प्रति दिवस के हिसाब से 3000 डीबीटी के रूप में प्रदान किया जा रहे हैं। उन्हें प्रशिक्षण के दौरान ही 15000 की मुफ्त टूल किट हेतु आवेदन किए जाने का भी प्रावधान है जो कि प्रशिक्षण प्राप्त करने के पश्चात कौशल प्रमाणित होने पर उनके घर पर ही भेजा जाएगा ।

# तत्कालीन बीजेपी अध्यक्ष, मुख्यमंत्री के नाम से फेक आईडी, आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

भाजपा के तत्कालीन प्रदेश अध्यक्ष तथा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की फेक आईडी से फेसबुक प्रोफाइल बनाकर लोगों के साथ ठगी करने के आरोपी को रेंज साइबर पुलिस ने राजस्थान से गिरफ्तार किया है। सीएम की फेक आईडी बनाने के एक अन्य आरोपी को पुलिस ने पूर्व में ही राजस्थन अलवर से गिरफ्तार किया है। फेक आईडी से फेसबुक प्रोफाइल बनाने वाले को रेंज सइबर पुलिस ने जहां से गिरफ्तार किया है, उस गांव के ज्यादातर लोग विशिष्ट लोगों की फेक आईडी बनाने का काम करते हैं।

पुलिस के मुताबिक ठगी के आरोप में राजस्थान, रामनगर निवासी राकेश परिहार को गिरफ्तार किया गया है। राकेश के खिलाफ 66(सी)आईटी एक्ट, 336(3),340 बीएनएस के तहत अपराध अपराध दर्ज किया गया है। रेंज साइबर पुलिस के अनुसार राकेश वर्ष 2022 में विष्णुदेव साय की फेक आईडी से फेसबुक प्रोफाइल बनाकर लोगों को फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजकर पैसों की मांग करता था। पुलिस गिरफ्त में आया आरोपी एक कपड़ा दुकान में नौकरी करता है। राकेश ने महज इंटर मीडिएट तक की पढ़ाई की है।

### गांव के ज्यादातर लोग फेक आईडी बनाते हैं

पुलिस के अनुसार रेंज साइबर की टीम रामनगर में राकेश परिहार को गिरफ्तार करने पहुंची, तब पुलिस को गांव के आधे से ज्यादा लोगों द्वारा फेक आईडी से सोशल मीडिया अकाउंट बनाने की जानकारी मिली। गांव के लोग देश के अलग-अलग राज्यों के हाईप्रोफाइल लोगों के फेक अकाउंट से फेसबुक अकाउंट बनाकर ठगी करने का काम करते हैं। रेंज पुलिस के अनुसार राकेश विष्णुदेव साय के साथ ही कई हाईप्रोफाइल लोगों की फेक आईडी बनाकर सोशल मीडिया अकाउंट संचालित कर रहा था।

# सीमेंट कंपनियों को सरकार की दो टूक, बढ़ी कीमत पूरी वापस लें, दाम बढ़ाने से पहले लेनी होगी इजाजत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

सीमेंट की बढ़ी कीमत को लेकर प्रदेश सरकार ने सख्ती दिखाई है। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर प्रदेश के उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने गुरुवार को प्रदेश की सभी सीमेंट कंपनियों के अधिकारियों को बुलाकर उनके साथ उद्योग भवन में बैठक की और सरकार की तरफ से साफ कहा गया कि बढ़ी हुई कीमत पूरी तरह से वापस लें। इसमें खुले बाजार का सीमेंट और नान ट्रेड दोनों शामिल हैं। इसी के साथ कंपनियों से साफ कहा गया कि कभी भी कीमत बढ़ाने से पहले प्रदेश सरकार की इजाजत जरूरी है। प्रदेश की सीमेंट कंपनियों ने तीन सितंबर को खुले बाजार के साथ नान ट्रेड सीमेंट की कीमत 50 रुपए बढ़ा दी थी। इसके बाद रायपुर के सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कीमतों को लेकर केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण के साथ प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को भी पत्र लिखा। हरिभूमि ने लगातार खबरों का प्रकाशन भी किया। इसके बाद सीमेंट कंपनियों ने यू-टर्न लेते हुए तीन बार में खुले बाजार के सीमेंट की कीमत 45 रुपए कम ही। इसके बाद एक बार में नान ट्रेड की कीमत 15 रुपए कम की गई। नान ट्रेड सीमेंट की कीमत इस समय 45 रुपए ज्यादा है। इसी के साथ खुले बाजार का सीमेंट भी पांच रुपए ज्यादा है।

### कीमत वापस लेने का फरमान

सीमेंट की बढ़ी कीमतों की जानकारी होने पर इस मामले में मुख्यमंत्री श्री साय ने नाराजगी जताते हुए उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन को सभी सीमेंट कंपनियों को बुलाकर बात करने के लिए कहा। श्री देवांगन ने हरिभूमि को बताया, मुख्यमंत्री की मंशा के मुताबिक सभी कंपनियों को बुलाकर बात की गई, उनको साफ निर्देश दिए गए हैं, सीमेंट की पुरानी कीमत ही रखें, चाहे वह खुले बाजार का सीमेंट हो या फिर सरकारी काम में आने वाला नान ट्रेड सभी की बढ़ी कीमत पूरी की पूरी वापस लें। इसी के साथ सभी कंपनियों से कहा गया इस तरह से कभी भी कीमत में इजाफा करने की मनमर्जी नहीं चलने वाली है। कीमत बढ़ाने से पहले इसकी सारी जानकारी प्रदेश सरकार को देकर कीमत बढ़ाने का कारण बताना होगा और पहले कीमत बढ़ाने के लिए इजाजत लेनी होगी।

बैठक में ऊर्जा सचिव के तीखे तेवर, विद्युत आपूर्ति में गड़बड़ी

# पॉवर कंपनी की 14 हजार मेगावाट बिजली उत्पादन के लिए नई योजनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



ऊर्जा सचिव एवं छत्तीसगढ़ पॉवर कंपनीज के अध्यक्ष पी. दयानंद ने गुरुवार को प्रदेशभर के अधिकारियों की बैठक ली। इसमें उनके काफी तीखे तेवर नजर आए। उन्होंने बिजली विभाग के मैदानी अमले को त्वरित गति से उपभोक्ताओं की समस्याओं का निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा, विद्युत उत्पादन के साथ ही वितरण में कुशलता लाकर उपभोक्ताओं को निरंतर विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जानी चाहिए। इसमें किसी तरह की लापरवाही होने पर नोडल अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाएगी। प्रदेश मे 2030 तक विभिन्न माध्यमों से 14 हजार मेगावाट बिजली उत्पादन का लक्ष्य तय किया गया है।

श्री दयानंद ने कहा, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशाअनुरूप शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में बिना किसी व्यवधान के बिजली आपूर्ति होनी चाहिए, ताकि उनके विकास में किसी तरह की रूकावट न आए। बैठक में नए कनेक्शन, ब्रेक डाउन एवं शिकायतों की निवारण प्रणाली की समीक्षा की गई। इसमें श्री दयानंद ने कहा, उपभोक्ताओं के फोन आने पर अधिकारियों को अच्छा बर्ताव करना चाहिए। उन्होंने कहा कि आंधी-तूफान और बारिश के कारण जो समस्याएं आईं, उनका त्वरित निदान मैदानी अमले ने बखूबी किया है।

आने वाले समय में धान पकने की अवस्था में कृषि पंपों को अधिक बिजली की जरूरत पड़ेगी। त्योहार के सीजन में भी मांग बढ़ेगी। इसके लिए विद्युत प्रणाली में एकतरफा भार न आए और वितरण प्रणाली बेहतर तरीके से काम करे, इसे सुनिश्चित किया जाए। बैठक में ऊर्जा विभाग के विशेष सचिव सुनील कुमार जैन सहित पावर कंपनी के प्रबंध निदेशक भीमसिंह कंवर (वितरण), एसके कटियार (उत्पादन) एवं आरके शुक्ला (पारेषण) विशेष रूप से उपस्थित थे।

### 2030 तक 14 हजार मेगावाट बिजली उत्पादन की योजनाएं

छत्तीसगढ़ में नवीकरणीय ऊर्जा (रिनीवेबल एनर्जी) की दिशा में विशेष कार्ययोजना तैयार की गई है, जिसके तहत छत्तीसगढ़ में 14151 मेगावाट क्षमता के सोलर और पंप स्टोरेज हाइडल प्लांट लगेंगे। इसके तहत पीएम सूर्यघर योजना, पीएम कुसुम योजना, फ्लोटिंग सोलर योजनाओं पर काम चल रहा है। इन योजनाओं की प्रदेश स्तरीय समीक्षा ऊर्जा सचिव एवं छत्तीसगढ़ पावर कंपनीज के चेयरमैन पी. दयानंद ने की। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुरूप पूरे देश में नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में तेजी से कार्य प्रारंभ किए गए हैं। जिसके अनुरूप मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने छत्तीसगढ़ में इस दिशा में संभावनाओं पर ठोस कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए थे, जिसके अनुसार छत्तीसगढ़ में नवीकरणीय ऊर्जा के स्त्रोतों से वर्ष 2030 तक 14 हजार 151 मेगावाट क्षमता के संयंत्र लगाए जाने हैं।अधिकारियों ने बताया, प्रदेश में प्रधानमंत्री सूर्यघर एवं अन्य रूफटाफ योजना के माध्यम से 2415 मेगावाट, पीएम कुसुम योजना में 1316 मेगावाट, फ्लोटिंग सोलर से 600 मेगावाट, ओपन एक्सेस से 1890 मेगावाट और हाइड्रो एवं पंप स्टोरेज तकनीक से 7930 मेगावाट क्षमता के संयंत्र लगाए जाएंगे। इन योजनाओं से प्रदेश में एक लाख 19 हजार 371 रोजगार सृजन होंगे।

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI DAGANIA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
अग्रसेन एजुकेशन केम्पस, ग्राम -डगनिया, दुर्ग-बलोद
मेन रोड, तह. गुण्डरदेही, जिला-बालोद (छ.ग.)
89595-93937 • 89595-44444

न्यायालय तहसीलदार साजा
जिला बेमेतरा छ.ग.
// ईश्तहार //

रा.प्र.क्र./ 202407230700051/1-1 (3)/ वर्ष-2023-24

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुरेन्द्र राठी, नगर पंचायत साजा के द्वारा नगर पंचायत अंतर्गत स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मिडियम निर्माणाधीन है जिसमें ख.न. 3647 एवं 3648 जो कि आवेदक की निजी भूमि है। जिसमें निर्माणाधीन भवन स्थित शासकीय शेष भूमि से आपसी तबादला किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो अपने अधिवक्ता के माध्यम से पेशी दिनांक 30.09.2024 तक पेश कर सकते है। निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 20.09.2024 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर तहसीलदार
साजा, जिला बेमेतरा (छ.ग.)

Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**



## ओमप्रकाश ने 11वीं बार किया रक्तदान महिला को दिया खून

**बालोद।** ग्राम भेड़िया नवागांव निवासी ओमप्रकाश शांडिल्य ने रक्तवीर नागेंद्र सिन्हा के माध्यम से जिला अस्पताल में भर्ती ब्लड कैंसर से पीड़ित एक महिला की जान बचाने के लिए रक्तदान किया। ओमप्रकाश अब तक 11 बार रक्तदान कर चुके है। ओमप्रकाश ने बताया कि रक्तदान वह प्रक्रिया है, जिससे हम दूसरे की जान बचाने में खुद का योगदान देते है। रक्तदान करने से रक्तदाता के शरीर को कोई नुकसान नहीं होता बल्कि मरीज को नया जीवन जीने के लिए मदद की जा सकती है। इसलिए हमें रक्तदान अवश्य करना चाहिए।

## अर्जुंदा के प्रियांशु ने नीट 2024 को किया उत्तीर्ण

**अर्जुन्दा।** जिला के शिक्षाधानी और संस्कारधानी नगर अर्जुंदा के नेताजी सुभाष चन्द्र बोस उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्रतिभावान छात्र ग्राम गब्दी निवासी प्रियांशु नायक ने नीट 2024 परीक्षा पास की है। उन्होंने नीट 2024 परीक्षा उत्तीर्ण होकर अर्जुन्दा क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस सफलता के लिए प्राचार्य योगेश्वर प्रसाद साहू, शिक्षक, विद्यालय परिवार ने हर्ष व्यक्त किया है।



## तहसील कार्यालय भिलाई-3 का निरीक्षण

**भिलाई।** दुर्ग संभाग के आयुक्त सत्यनारायण राठौर ने आज भिलाई-3 में तहसील कार्यालय एवं अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कार्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने लोक सेवा केन्द्र, मॉडर्न रिकॉर्ड रूम के लिए आरक्षित कक्ष, तहसील न्यायालय एवं एसडीएम न्यायालय का अवलोकन किया। न्यायालय में प्रकरणों के निराकरण की प्रगति पर संभाग आयुक्त ने संतुष्टि प्रकट की। इस अवसर एसडीएम महेश सिंह राजपूत, तहसीलदार पवन ठाकुर एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## अवैध कब्जेधारियों को हाईकोर्ट से स्टे नहीं

**भिलाई ।** भिलाई इस्पात संयंत्र के एनफोर्समेंट विभाग नगर सेवाएं द्वारा 138 अवैध कब्जेधारियों को सात दिनों में कब्जा हटाने के लिए नोटिस सर्व किया गया था । इसके विरुद्ध 25 अवैध कब्जेधारियों द्वारा उच्च न्यालालय में अलग अलग राईट पिटिशन फाइल किया गया था । हाई कोर्ट द्वारा गुरुवार को एक राईट पिटिशन को छोड़कर सभी 24 पिटिशन की ज्वाइंट सुनवाई करते हुए अवैध कब्जेधारियों को किसी प्रकार का स्टे नहीं दिया गया । भिलाई इस्पात संयंत्र को आदेशित किया की पुराने नोटिस पर कार्यवाही नही कर अवैध कब्जेधारियों को नया नोटिस जारी कर पीपी एक्ट के तहत नियमानुसार कार्यवाही करें । केस को डिस्पोज आफ कर दिया गया ।

**प्रतिक्रया : जिले के लोग पोस्ट ऑफिस में संचालित एकमात्र रेलवे टिकिट आरक्षण पर आश्रित**

# पोस्ट ऑफिस जूझ रहा कर्मचारियों की कमी से आमजन टिकिट आरक्षण कराने हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

रेलवे आरक्षण सुविधा जिला मुख्यालय में विगत 15 वर्षो से एक मात्र खिड़की पोस्ट ऑफिस पर संचालित है। बढ़ती आबादी ओर जनसंख्या के दुष्टिकोण से जिले के लिए मुनासिब नहीं है। हर रोज सैकड़ों की तादाद में पारिवारिक, व्यापारिक कार्यों से लेकर शादी ब्याह से लेकर रिश्तेदारों के यहां जाने रेलवे का सफर करना होता है। एक आरक्षण काउंटर होने के बावजूद भी टिकट दलालों पर आश्रित होकर अत्यधिक राशि खर्च कर अपनी सीट कंफर्म करने के लिए मजबूर हैं। जिसके चलते रेलवे आरक्षण सुविधा का दूसरा काउंटर खोले जाने की मांग आमजन में उठ रही है। हरीभूमि ने रेलवे आरक्षण काउंटर खोले जाने को लेकर आमजनों की प्रतिक्रिया जाननी चाहिए जिस पर हर वर्ग के लोगों ने बेबाक होकर कहा की सांसद, विधायक ओर प्रशासन से उम्मीद है कि जिले की जनता को यह सुविधा मुहैया कराने रेलवे डीआरएम से चर्चा व पहल कर जनता की भावनाओं के आधार पर जिला मुख्यालय में सुविधा उपलब्ध कराएंगे।

- हर वर्ग ने कहा – जिला मुख्यालय में एक ओर हो रेलवे टिकिट काउंटर

### पोस्ट ऑफिस में स्टाफ की कमी ट्रेनी कर्मचारी संभाल रहे हैं : नीरज



शहर के ज्वेलर्स व्यापारी नीरज चांडक का कहना है पोस्ट ऑफिस में रेलवे टिकिट आरक्षण कराने का एक निर्धारित समय देती है, आमजन समय से पहले पहुंच जाते हैं परंतु टिकिट आरक्षण खिड़की में ट्रेनी कर्मचारी न होने से जितने टिकिट कोटे के हिसाब बननी चाहिए वे नही बन पाती ,जिससे विवाद की भी स्थित उत्पन्न रहती है। वर्तमान समय में पोस्ट ऑफिस के साथ साथ दूसरे रेलवे टिकिट आरक्षण काउंटर खोला जाना चाहिए। श्री चांडक ने यह भी कहा हमारे जनप्रतिनिधि जागरूक है जनता की इस पहल को जरूर उठाएंगे।

### सांसद व विधायक से मिलकर अवगत करवाऊंगा : सिन्हा



भाजपा नेता व पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने कहा कि जिले की बढ़ती आबादी जनसंख्या के बाद शहर सहित जिले वासियों में रेलवे आरक्षण काउंटर की मांग है। एक और रेलवे आरक्षण खिड़की की सुविधा दी जानी चाहिए ताकि आम जनों को लंबी दूरी तय करने के लिए सुविधा जनक रेलवे टिकिट मिल सके। इस संबंध में शीघ्र ही सांसद विजय बघेल एवं विधायक दीपेश साहू से मुलाकात कर जनता की भावनाओं से अवगत करवाते हुए रेलवे अधिकारियों से पत्राचार ओर संपर्क कर सुविधा दिलाने का पूर्ण प्रयास किया जाएगा।

### रेलवे आरक्षण काउंटर बेहद जरूरी : केशव



चैंबर ऑफ़ कॉमर्स के जिले के पदाधिकारी केशव मोटवानी ने कहा की शहर के पोस्ट ऑफिस में संचालित है पर यह सुविधा आमजनों को सुबह निर्धारित पोस्ट ऑफिस खुलने के समय में ही रहता हैं। जिससे शहर सहित जिले वासियों को उसी निर्धारित समय में ही जाना पड़ता हैं। इसके अलावा पोस्ट ऑफिस रविवार और शासकीय अवकास के दिन भी बंद रहता हैं। इससे आमजनों टिकिट आरक्षण करवाने में मुश्किलों से गुजरना पड़ता है। इसलिए जिले में एक ओर रेलवे आरक्षण काउंटर की नित्यंत आवश्यकता है।

### फायदा टिकिट दलाल उठा रहे : ताम्रकार



सामाजिक कार्यकर्ता रश्मि ताम्रकार ने कहा 15 वर्ष पूर्व 2009 में रेलवे टिकिट आरक्षण खिड़की पोस्ट ऑफिस में खोला गया था। इसके पहले आमजनों को दुर्ग, रायपुर या फिर तिल्दा के रेलवे स्टेशन पर ट्रेन टिकट लेने के लिए दौड़ना पड़ता था अब 15 वर्ष बाद यही स्थिति से आमजनों को गुजरना पड़ रहा है। वहीं पोस्ट ऑफिस की धीमी चाल ओर कर्मचारियों की कमी से जूझने का फायदा टिकिट दलाल उठा रहे जिससे आम जनों को आर्थिक बोझ बढ़ रही है।

### रेलवे टिकिट के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ती है : रोहरा



शहर के नागरिक जगदीश रोहरा ने कहा कि जिले से हर वर्ग के लोगों को हर दिन यात्रा चाहे पारिवारिक कारणों से यह व्यावसायिक हित के लिए करना होता है। वर्तमान में रेलवे टिकिट के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ती है ।जब भी जाओ तो कोई पोस्ट ऑफिस का कर्मचारी मौजूद नहीं रहते, जब पोस्ट ऑफिस के अधिकारी से कहा जाता है तो वे कर्मचारीयों की कमी का रोना रोते हैं ओर आमजनों को परेशानी से गुजरना पड़ता है क्योंकि हर दिन टिकिट खिड़की में बदल बदल कर कर्मचारियों की ड्यूटी लगा दी। जिला मुख्यालय में हर पेशा में कार्य करने वालों की मांग है कि आज की स्थिति में एक ओर टिकिट काउंटर खोला जाए।

# जिला जेल के 75 विचाराधीन बंदियों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

राज्य एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के आदेश पर जिला के जेलों में बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण तहत एचआईवी, एड्स, सिफालिस, हेपेटाइटिस बी, हेपेटाइटिस सी आदि स्वास्थ्य परीक्षण किया जाना है। इस तारतम्य में कलेक्टर सह जिला एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के अध्यक्ष रणबीर शर्मा के निर्देशानुसार सीएमएचओ डॉ. यशवंत कुमार ध्रुव के मार्गदर्शन और सिविल सर्जन डॉ. संत राम चुरेंद्र के सहयोग से जिला जेल बेमेतरा में विचाराधीन बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जिसके तहत जिला जेल बेमेतरा में 75 विचाराधीन बंदियों का स्वास्थ्य जांच तहत आईसीटीसी परामर्शदाता पुरानिक नायक द्वारा सभी का काउंसिलिंग की गई और एचआईवी एड्स के कारण, बचाव के बारे में बताया गया। वहीं आईसीटीसी मेडिकल लैब टेक्नोलॉजिस्ट संजय तिवारी द्वारा सभी 75 विचाराधीन बंदियों का एचआईवी एड्स, सिफिलिस, हेपेटाइटिस-बी, हेपेटाइटिस-सी की जांच की गई। आईसीटीसी जिला चिकित्सालय के परामर्शदाता पुराणिक नायक ने विचाराधीन बंदियों का काउंसिलिंग कर एचआईवी एड्स के कारण व बचाव के संबंध में अधिक जानकारी के लिए टोल फ्री नंबर-1097 की सुविधा के बारे में बताया। विचाराधीन कैदियों को स्वास्थ्य परीक्षण कर व स्वस्थ रहने के उपाय बताए गए। उक्त अवसर पर एनजीओ से क्षेत्रीय प्रभारी राहुल वर्मा, फार्मासिस्ट दीक्षा अंगारे के साथ जिला जेल के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

- एचआईवी, एड्स, सिफालिस, हेपेटाइटिस-बी, हेपेटाइटिस-सी की जांच की गई

# समुचित संसाधनों की उपलब्धता गणित शिक्षण को प्रभावी बनाता है : घृतलहरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट में 26 सितंबर से 28 सितंबर तक तीन दिवसीय कक्षा छठवीं से लेकर के कक्षा आठवीं तक के गणित शिक्षकों के लिए प्रशिक्षण का आयोजन किया गया है। इससे पहले सभी प्रतिभागियों के लिए दो दिवस आनलाइन कक्षाओं का भी आयोजन किया जा चुका है।

- साजा और नवागढ़ के शिक्षकों का गणित विषय पर प्रशिक्षण 26 से
- प्रशिक्षण से ही शिक्षकों की प्रतिभा में और अधिक आता है निखार

प्रशिक्षण के संबंध में जानकारी देते हुए डाइट संस्थान के प्राचार्य जे के घृतलहरे ने बताया कि जिले के दो विकासखंडो साजा और नवागढ़ के शिक्षकों के लिए गणित विषय पर प्रशिक्षण का आयोजन किया गया है। इस प्रशिक्षण के माध्यम से यह बताया जाएगा कि एक विषय के रूप में गणित का अध्ययन क्यों आवश्यक है। बच्चे गणित का होमवर्क पूरा नहीं कर पाते या बच्चों का मन गणित विषय में नहीं लगता। आज बच्चे गणित से क्यों डरते हैं इस बारे में आपके अपने तर्क और अनुभव अलग हो सकते हैं। मुख्य प्रश्न यह है कि बच्चे गणित से डरते हैं या गणितीकरण से। बच्चे तो गणितीकरण का कार्य खेल-खेल में बचपन से करते आ रहे हैं। फिर गणित के कालखंड, गृहकार्य और गणित के शिक्षक से डर क्यों। कई बार पहले से ही हमारी मानसिकता भी यही रहती है कि बच्चा तो गणित में बहुत कमजोर है। इन सब के समाधान के लिए हमें गणित की कक्षा को, कालखंड को बहुत अच्छा बनाना जरूरी है। इसके लिए शिक्षक, विद्यार्थी और सीखने का उचित वातावरण बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है। समुचित संसाधनों की उपलब्धता भी गणित के सीखने को प्रभावी बनाती है।

### बच्चों को पढ़ाना के साथ समझ विकसित करना उद्देश्य

प्रशिक्षण से हमें अच्छे और नवाचारी शिक्षक प्राप्त होते हैं। हमारा उद्देश्य बच्चों को पढ़ाना नहीं है बल्कि उनमें समझ विकसित करना है। प्रशिक्षण की रूपरेखा तैयार कर ली गई है। मिडिल स्कूल के गणित विषय के इस प्रशिक्षण के बारे में साजा एवं नवागढ़ के बीईओ, बीआरसी को जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के प्रभारी डाइट बेमेतरा के व्याख्याता राजकुमार वर्मा होंगे। मास्टर ट्रेनर्स के रूप में डीआरजी नीलिमा साहू व्याख्याता शासकीय हाई स्कूल भदराली, अशोक कुमार साहू शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कंदई तथा अजीम प्रेम जी फाउंडेशन से रिसोर्स पर्सन राघवेंद्र कुमार है।

### 120 शिक्षक किए गए आमंत्रित

डाइट प्राचार्य ने बताया कि इस प्रशिक्षण में दोनों विकासखंडों के 60-60 शिक्षकों को कुल 120 शिक्षकों को इस प्रशिक्षण में आमंत्रित किया गया है। सभी प्रतिभागियों से कहा गया है कि वे कक्षा छठवीं से लेकर कक्षा आठवीं तक के गणित पुस्तक अपने साथ में लेते आएंगे। प्रशिक्षण का समय प्रातः 9:30 बजे से 5:30 बजे तक रहेगा। डाइट संस्थान के प्राचार्य जे के घृतलहरे ने कहा कि इस वर्ष को हम सब शिक्षा गुणवत्ता वर्ष के रूप में मना रहे है। इसी कारण से डाइट संस्थान के माध्यम से लगातार विषयवार शिक्षकों को गुणवत्तायुक्त प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण से ही शिक्षकों की प्रतिभा में निखार आता है।

उनमें आत्मविश्वास की भावना भी बढ़ती है, और शिक्षक नई ऊर्जा और नए जोश के साथ, उत्साह के साथ अपने अध्यापन कार्य को करता है। अगर प्रशिक्षण से प्राप्त ज्ञान को शिक्षक पूरी ईमानदारी के साथ अपने बच्चों के बीच रखेंगे, अपने बच्चों को पढ़ाएंगे तो निश्चित रूप से हम अपने उद्देश्यों में कामयाब होगें, और लर्निंग आउट कम में निश्चित रूप से बढ़ोतरी होगी।

# जिले में बाल अपराध में कमी लाने विद्यार्थियों को किया गया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा




महिला एवं बाल विकास अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग ने बालक छात्रावास, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं शासकीय नवीन महाविद्यालय नांदघाट के बच्चों, विद्यालयीन एवं महाविद्यालयीन विद्यार्थियों को सीएचएल परियोजना समन्वयक राजेन्द्र प्रसाद चन्द्रवंशी एवं सामाजिक कार्यकर्ता आनंद कुमार घृतलहरे द्वारा विद्यार्थियों को जागरूक किया गया। श्री चन्द्रवंशी द्वारा बताया गया कि बच्चों के विरूद्ध हो रहे अपराधों को शून्य स्तर पर लाने हेतु जिलों की भौगोलिक, सामाजिक परिस्थितियों के अनुरूप कार्य योजना तैयार कर बच्चों के सर्वोत्तम हित में बाल अपराधों में कमी लाने हेतु पाठशालाओं, महाविद्यालयों, छात्रावासों, पंचायती राज संस्थाओं एवं नगरीय निकायों, शासकीय एवं अशासकीय बाल देखरेख संस्थाओं के अधिकारियों/कर्मचारियों के संवेदीकरण हेतु जिला स्तर, शालाओं एवं महाविद्यालयों, परियोजना स्तर एवं पंचायत व नगरीय निकाय स्तर पर जन-जागरूकता अभियान चलाया जा रहे है। जिससे किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम 2015 यथा संशोधित 2021, लैगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 यथा संशोधित 2019 सहित बाल सुरक्षण से संबंधित सभी अधिनियमों एवं आदर्श नियमों, मिशन वात्सल्य योजना अंतर्गत निर्धारित प्रावधानों के अनुरूप जागरूकता कार्यक्रम का संचालन कार्ययोजना अनुरूप कर जन-समुदाय को जागरूक किया जा है, जिससे जिले में बाल अपराध में कमी लायी जा सके। उक्त कार्यक्रम में महाविद्यालय से प्राचार्य, समस्त सहायक प्राध्यापक, विद्यालय से प्राचार्य एवं समस्त शिक्षकगण, छात्रावास से छात्रावास अधीक्षक तथा समस्त विद्यार्थियों की उपस्थिति थे।

**मिडिल और प्राथमिक स्कूलों के हेडमास्टरों की ली बैठक**

# स्कूलों में नियमित रूप से कक्षाएं संचालित हों व छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जाए : डीईओ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

ज़िला शिक्षा अधिकारी कमल कपूर बंजारे ने विकासखंड नवागढ़ के सभी मिडिल और प्राथमिक स्कूलों के हेडमास्टरों की एक महत्वपूर्ण बैठक बुलाई। यह बैठक बालक आश्रम में आयोजित की गई, जिसमें शैक्षणिक सत्र की प्रगति, छात्रों की उपस्थिति, शिक्षकों के प्रदर्शन और शिक्षा की गुणवत्ता पर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक के दौरान श्री बंजारे ने विशेष रूप से स्कूलों की शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार पर ज़ोर दिया। उन्होंने सभी हेडमास्टरों को निर्देश दिया कि वे सुनिश्चित करें कि स्कूलों में नियमित रूप से कक्षाएँ संचालित हों और छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जाए। उन्होंने कहा कि छात्रों की उपस्थिति को भी प्राथमिकता दी जानी चाहिए और इसके लिए विशेष प्रयास किए जाने चाहिए। उन्होंने शिक्षकों को समय पर स्कूल पहुंचने और अपनी जिम्मेदारियों को पूरी निष्ठा से निभाने की आवश्यकता पर बल दिया। बैठक में सहायक संचालक ज़िला शिक्षा,ब्लॉक के प्राइमरी व मिडिल स्कूल के प्रधानपाठक उपस्थित थे। बैठक में नई शैक्षिक नीतियों और सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों पर भी चर्चा की गई। श्री बंजारे ने सभी हेडमास्टरों से कहा कि वे शिक्षकों के साथ मिलकर पाठ्यक्रम के अनुसार पढ़ाई कराएं। छात्रों के सर्वांगीण विकास पर ध्यान केंद्रित करें। उन्होंने डिजिटल शिक्षा के महत्व को भी रेखांकित किया और बताया कि आज के दौर में तकनीकी शिक्षा का समावेश आवश्यक है।

### हर माह विद्यार्थियों की प्रगति का मूल्यांकन किया जाए

श्री बंजारे ने यह भी कहा कि हर महीने स्कूलों में छात्रों की प्रगति का मूल्यांकन किया जाए और समय-समय पर माता-पिता से फीडबैक लिया जाए। बैठक में सभी हेडमास्टरों ने अपनी-अपनी समस्याएं और सुझाव भी साझा किए। शिक्षा अधिकारी ने उन्हें जल्द ही इन समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया।बैठक का समापन सभी हेडमास्टरों के सहयोग और समर्पण न के साथ काम करने का भरोसा दिया।

**राज्य निर्वाचन आयोग ने ली मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों की बैठक**

# तैयार होगी फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा त्रिस्तरीय पंचायत एवं नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2024-25 के लिए फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली तैयार किये जाने कार्यक्रम के संबंध में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों की बैठक आयोजित कर जानकारी दी गई।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा ने बैठक में बताया कि नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायतों की प्रारंभिक मतदाता सूची 1 जनवरी 2024 के संदर्भ तैयार की जायेगी तथा मतदाता सूची में उन्ही मतदाताओं के नाम दर्ज किये जायेंगे जिनका नाम विधानसभा की प्रचलित मतदाता सूची में दर्ज हो। मतदाताओं से सीधे नाम जोड़ने आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जायेंगे। जिन मतदाताओं ने अर्हता तिथि 1 जनवरी 2024 के उपरांत विधानसभा के मतदाता सूची में नाम दर्ज कराकर लोकसभा चुनाव में मतदान किया है, ऐसे मतदाताओं को निर्धारित प्रपत्र में फार्म भरकर स्थानीय निकाय की मतदाता सूची में नाम दर्ज करा सकते हैं। नगरीय निकायों के प्रारंभिक मतदाता सूची का प्रकाशन 16 अक्टूबर को किया जाकर 23 अक्टूबर को 3 बजे तक निर्धारित स्थानों में दावा आपत्ति प्राप्त की जायेगी। इसी प्रकार पंचायतों के निर्वाचक नामावलियों का प्रारंभिक प्रकाशन 24 अक्टूबर को किया जाकर 29 अक्टूबर को 3 बजे तक निर्धारित स्थानों में दावा आपत्ति प्राप्त की जायेगी। राजनीतिक दलों से निर्वाचक नामावली अभिकर्ता नियुक्त करने का अनुरोध करते हुए शुद्ध एवं त्रुटि रहित मतदाता सूची तैयार करने में सहयोग करने की अपील की गई। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी अंकिता गर्ग एवं राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे ।

